### प्रधानमंत्री ने 'भारत टेक्स 2024' का उद्घाटन किया, उद्यमियों को मदद का वादा

# विकसित भारत के निर्माण में कपड़ा क्षेत्र का योगदान बढ़ेगा : मोदी

**भरोसा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कपड़ा क्षेत्र को पूरा समर्थन देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि यह 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जब भारत आजादी के सौ साल पूरे करेगा।

दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम में 'भारत टेक्स 2024' कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, सरकार विकसित भारत के निर्माण में कपड़ा क्षेत्र के योगदान को और बढ़ाने के लिए बड़े स्तर पर काम कर रही है।

मोदी ने कहा, हमने अगले 25 वर्षों में भारत को विकसित राष्ट्र में बदलने का संकल्प लिया है। विकसित भारत के चार महत्वपूर्ण स्तंभ गरीब, युवा, किसान और महिलाएं हैं और विशेष रूप से भारत का कपड़ा क्षेत्र इन सभी स्तंभों से जुड़ा हुआ है। ऐसे में भारत टेक्स जैसा आयोजन महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा, 2014 में भारत के कपड़ा बाजार का मूल्यांकन 7 लाख करोड़ से कम था, जबकि अब यह 12 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। 10 वर्षों के दौरान यार्न, कपड़े और परिधान के उत्पादन में 25% की वृद्धि हुई है।



नई दिल्ली में सोमवार को भारत मंडपम में 'भारत टेक्स 2024' के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय राज्यमंत्री दर्शना जरदोश। • प्रेट्र

## बुनकरों को निफ्ट से जोड़ा जा रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में राष्ट्रीय फैशन टेक्नोलॉजी संस्थान (निफ्ट) परिसरों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। स्थानीय बुनकरों व कारीगरों को भी विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से निफ्ट से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने पीपीई किट और फेस मास्क के निर्माण के लिए कोविड महामारी में कपड़ा उद्योग के प्रयासों पर कहा कि सरकार ने कपड़ा क्षेत्र के साथ मिलकर आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित किया और पूरी दुनिया को पीपीई किट व फेस मास्क उपलब्ध कराए।

## सरकार का हस्तक्षेप कम होना जरूरी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, उनका लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जहां सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो और वह लोगों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करे। उन्होंने कहा, वह विशेष रूप से मध्यम वर्ग के जीवन में हस्तक्षेप को पसंद नहीं करते हैं। उन्होंने कहा बीते 10 वर्षों से वह न्यूनतम सरकारी हस्तक्षेप वाले समाज के निर्माण के लिए लड़ रहे हैं और अगले पांच वर्षों में भी ऐसा करना जारी रखेंगे।

## चार दिवसीय कार्यक्रम में 65 से अधिक आयोजन

'भारत टेक्स 2024' कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। चार दिवसीय कार्यक्रम में 65 से अधिक आयोजन होंगे, जिसमें 100 से अधिक दुनिया भर के विशेषज्ञ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। वहीं 3500 से अधिक प्रदर्शकों, 100 से अधिक देशों के तीन हजार खरीदारों और 40 हजार से से अधिक कपड़ा छात्रों, बुनकरों, कारीगरों और कपड़ा श्रमिकों के भाग लेने की उम्मीद है।